डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 20 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 28 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## हवाला की आशंका में कारोबारी से 21 लाख रूपए जप्त

### पुलिस ने आयकर और जीएसटी विभाग को सौंपा मामला

**रतलाम, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के माणक चौक थाना क्षेत्र में पुलिस ने बीड़ी सिगरेट व्यापारी की दुकान से 21 लाख से ज्यादा रुपए जप्त किये है। हवाला कारोबार की आशंका में माणक चौक थाना पुलिस की टीम ने कार्यवाही करते हुए पुरुषोत्तम मोतीयानी और संजय मोतियानी के पास से 21 लाख 88 हजार रुपए बरामद किए है। पूछताछ में दोनों आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में केश का हिसाब नहीं दे सके। इसके बाद पुलिस ने धारा 102 के अंतर्गत रुपए जप्त कर आयकर विभाग और जीएसटी को मामला सौंप दिया है।

रतलाम नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वारंगे ने बताया कि माणक चौक थाना क्षेत्र स्थित सांवरिया ट्रेडर्स पर कार्यवाही के दौरान 21 लाख 88 हजार 900 रुपए नगद बरामद हुए है। आरोपी पिता पुत्र पुरुषोत्तम और संजय..... शेष पेज 4 पर




# भाव के साथ चुनाव प्रचार भी..!

## क्रिकेट बेटस ऐप और ऑनलाइन गेमिंग पर प्रचार-प्रसार

### चुनाव आयोग की नजर से बचने के लिए पार्टियां खोज रही नए-नए तरीके



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचन आयोग इस बार प्रचार-प्रसार को लेकर काफी सख्त है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। लेकिन, राजनीतिक पार्टियां निर्वाचन आयोग की नजरों से छिपकर प्रचार-प्रसार के लिए नए नए तरीके खोज रही है। अब क्रिकेट सट्टे के लिए होने वाली बेटस ऐप पर भाव के साथ पार्टियों का प्रचार हो रहा है तो ऑनलाइन गेमिंग पर भी पार्टियां प्रचार-प्रसार कर रही है।

आयोग द्वारा पार्टियों व उम्मीद्वारों के खर्चो पर निगरानी के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले चुनाव तक सोशल मीडिया के प्रचार पर आयोग की कोई पकड़ नहीं थी। जब मामला गरमाया तो आयोग ने इस विस चुनाव से सोशल मीडिया पर भी निगरानी व्यवस्था मजबूत कर प्रचार-प्रसार को खर्च में शामिल करने के निर्देश जारी किए। आयोग ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर लगाम लगाई तो दोनों पार्टियां अब ऑनलाइन क्रिकेट बेटस ऐप और ऑनलाइन गेमिंग एप जैसी चीजों पर प्रचार कर रही है। ऑनलाइन गेम खेलने पर बीच-बीच में विज्ञापन आते हैं। इसमें देर शाम के बाद भाजपा व व कांग्रेस के प्रचार ही सर्कुलेट हो रहे हैं। इस पर जिला निर्वाचन विभाग को भी निगरानी में पसीने छूट सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी की गाइड लाइन, खाते में जुड़ेगा पैसा...

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा हर साल नियमों का अपडेशन किया जाता है। उम्मीद्वार के खर्च की सीमा की दर तय कर उस पर निगरानी के लिए विभिन्न स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन किया जाता है। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का दुरुपयोग होने का मामला 2004 में मद्रास हाईकोर्ट में सामने आया। इसके बाद जनहित याचिका भी मद्रास हाईकोर्ट में लगी व बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने 2004 में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए भी गाइडलाइन जारी की। जिसके बाद विज्ञापन व अन्य खबरों पर निगरानी शुरु हुई। पिछले चुनावों में सोशल मीडिया व पोर्टल पर पेड न्यूज का मामला गरमाया। इसके बाद चुनाव आयोग ने इस विस चुनाव से पोर्टल, यू ट्यूब सहित सोशल मीडिया पर निगरानी की व्यवस्था की। फेसबुक, ट्वीटर व अन्य बड़ी साइट ने निगरानी के लिए आयोग को लिंक उपब्ध कराई। अब सोशल मीडिया पर भी प्रचार-प्रसार का खर्च उम्मीद्वार के खाते में जोड़ा जाएगा।

### रात को हो रहा प्रचार-प्रसार...

इधर सख्ती के साथ-साथ प्रचार-प्रसार के लिए नए-नए तरीके भी शुरु हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर सख्ती के बाद ऑनलाइन गेमिंग एप पर दोनों प्रमुख पार्टियां जमकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। ऑनलाइन गेम खेलने पर बीच-बीच में विज्ञापन दिखाए जाते हैं। इसलिए गेमिंग ऐप पर रात के समय दोनों पार्टियों के विज्ञापन तेजी से सर्कुलेट हो रहे हैं। जिस पर पूरी निगरानी के लिए स्थानीय प्रशासन के पास फिलहाल कोई इतनी मजबूत व्यवस्था नहीं है। यहीं कारण है कि स्थानीय स्तर पर इस का आंकलन करना मुश्किल है।

# तनाव मुक्त हुए परशुराम बी फार्म जमा कराया

## कांग्रेस में तनाव बरकरार, त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना

### मनासा में भाजपा की टेंशन जारी



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जावरा-मंदसौर- नीमच संसदीय क्षेत्र में कई जगह प्रत्याशियों की घोषणा के बाद विरोध और उम्मीद्वार बदलने की मांग उठ रही है। हालांकि सभी जगहों पर मामला सेट हो गया है। सिर्फ मनासा में ही भाजपा के लिए सिरदर्द बना हुआ है। इधर अभी तक मल्हारगढ़ से कांग्रेस उम्मीद्वार परशुराम सिसौदिया के लिए टिकिट बदलने का टेंशन सिरदर्द बन रहा था तो शुक्रवार को उन्हें बी फार्म मिल गया, जो निर्वाचन अधिकारी को जमा करा दिया गया। लेकिन, यहां कांग्रेस के बागी निर्दलीय उम्मीद्वार श्यामलाल जोकचंद कांग्रेस के लिए फिलहाल सिरदर्द बने हुए है। बी फार्म जमा कराने के बाद अब यहां त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं।

### चार टिकट बदलने से बढ़ी थी आस...

मल्हारगढ़ में टिकिट की घोषणा के बाद ही कांग्रेस की कैसेट उलझी हुई है। टिकिट के दो दावेदारों में से परशुराम को टिकिट मिल गया। लेकिन, उनके एंटी माने जाने वाले श्यामलाल जोकचंद अपने समर्थकों के साथ टिकिट को लेकर अड़ गए। उन्होंने निर्दलीय फार्म भी शक्ति प्रदर्शन के साथ भरा। श्यामलाल के समर्थक भोपाल में उनके टिकिट के लिए भी पहुंचे। शुक्रवार को भी वहीं उन्होंने डेरा जमाए रखा। इधर जावरा सहित प्रदेश में चार स्थानो पर टिकिट बदलने के बाद जोकचंद को टिकिट की आस बढ़गई थी। लेकिन, शुक्रवार को परशुराम के बी फार्म भरने के बाद सारी अटकले खत्म हो गई।

### कैसे सेट होगा श्यामलाल...

कहा जा सकता है कि श्यामलाल जोकचंद और परशुराम सिसौदिया मल्हारगढ़ में कांग्रेस के दो रूप हैं। अगर श्यामलाल निर्दलीय मैदान में डटे रहते हैं तो कहीं न कहीं नुकसान कांग्रेस को होगा। इधर पहले भी दोनों नेताओं में सामंजस्य बैठाने के प्रयास हुए, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब श्यामलाल को सेट करना कांग्रेस के लिए चुनौती होगा।

### मनासा में भाजपा का परेशानी भरा आलम...

मनासा में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही उम्मीद्वार का तगड़ा विरोध कर रहे हैं। यहां प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर बैठकों का दौर भी जारी है। बीते दिनों पूर्व कैबिनेट मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह मालाहेड़ा और जिला महामंत्री राजेश लढ़ा ने मनासा में प्रेस वार्ता में बैठक करने की बात कही थी।

26 अक्टूबर को आयोजित बैठक में मौजूद भाजपा नेताओं ने भाजपा उम्मीदवार अनिरुद्ध मारू के खिलाफ जमकर आक्रोश प्रकट किया। उन्होंने पार्टी से टिकट बदलने की मांग की है। उपस्थित नेताओं ने एक कमेटी बनाई है। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 28 अक्टूबर को एक प्रतिनिधि मंडल भोपाल में अपने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर मनासा की वस्तु स्थिति से अवगत कराएगा। वर्तमान उम्मीदवार के खिलाफ पनप रहे असंतोष की जानकारी देगा। साथ ही 30 अक्टूबर को सर्वसम्मति से किसी को उम्मीदवार बनाकर नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा।

## भानपुरा में विस्फोटक भरा कंटेनर जप्त, तीन गिरफ्तार

**भानपुरा, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता क चलते लगातार की जा रही चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट से भानपुरा पुलिस ने कंटेनर से बत्तीस लाख रूपए की विस्फोटक सामग्री जप्त की है। कंटेनर में आर कोरड डेटोनेटर फ्यूज के चार सौ बॉक्स भरकर ले जाए जा रहे थे। मामले में तीन लोगो को गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 के मद्देनजर जिले की सभी अन्तर्राज्यीय चैक पोस्ट पर सघन चैकिग करवाई जा रही है। 26 अक्टूबर को एस.एस.टी टीम भानपुरा से मजिस्ट्रेट दीपक पाटीदार व पुलिस अधिकारी सउनि रुपसिंह झाला व्दारा अन्तर्राज्यीय चैकपोस्ट ओसारा पर वाहन चैकिग की जा रही थी। चैकिग के दौरान एक कंटेनर एमएच 40 बीजी 4105 झालावाड तरफ से आ रहा था। जिसे रोक कर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी मे कंटेनर के अन्दर विस्फोटक आर कोडडेटोनेटर फ्युज के 400 बाक्स



रखे हुए थे। एसएसटी टीम व्दारा कंटेनर मे रखे डेटोनेटर फ्युज के कागज परमिट चैक कराने कहा। लेकिन, परमीट में 26 अक्टूबर 2023 को मुरैना (म.प्र.) मे होना लेख है। जबकी 26 अक्टूबर 2023 को कंटेनर मंदसौर जिले की सीमा मे होना पाया गया। जबकी परमिट के 31 अक्टूबर 2023 को मंदसौर जिले में प्रवेश करना था, जो परमिट शर्तो का उलंघन करने से कंटेनर और डेटोनेटर फ्यूज को जब्त किया गया है।

मामले में नन्दु पिता सुभाषराव जाति तायडे उम्र 33 साल निवासी दहीगांव तहसील नान्देगांव खण्डेश्वर जिला अमरावती महाराष्ट्र, शुभम पिता रमेश जाति कोकनें उम्र 27 साल निवासी माना तहसील मुर्तजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र और राजेश पिता महादेव प्रसाद शर्मा उम्र 40 साल निवासी ग्राम चमेरा जिला धोलपुर को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ अपराध धारा 5, 9(ख) विस्फोटक अधिनियम का पाया जाने से दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

## शराब के लिए रुपए नही देने पर मारपीट

**पिपलियामंडी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शराब पीने के लिए रुपए नही देने पर मारपीट करने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। लीलदा निवासी समरथ पिता रामचन्द्र गौड़ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रास्ते में गांव का मंगलसिंह पिता अर्जुनसिंह सौंधिया शराब के नशे में मिला गाली-गलौज की व शराब पीने के रुपए मांगे व बोला कि मुझे हर सप्ताह शराब पीने के रुप देने पड़ेगे। मंगलसिंह ने समरथ के साथ मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने मंगलसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया।

### विधानसभा चुनावः माहौल भांपने में लगे नेता...

## चुनाव प्रचार का तरीका बदला सोश्यल मीडिया पर बने कई अकाऊंट

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है। इस बार उम्मीदवार एवं उसके समर्थको द्वारा प्रचार का तरीका बदला गया है। जीत-हार की टसन बढ़ी, तो उम्मीदवारों ने विशेष रणनीति बनाई है। परम्परागत जनसम्पर्क के साथ डिजिटल व अन्य माध्यम से भी प्रचार किया जा रहा है। हर क्षेत्र में एक-एक परिवार तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। नपा चुनाव की तरह उम्मीदवारों के रिश्तेदार भी सामाजिक संस्थाओं के साथ क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों से संवाद कर घर-घर तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। उम्मीदवारों ने कोर टीम, ग्राउंड टीम, डैमेज कंटोल टीम भी बनाई है।




विधानसभा चुनाव का प्रचार अब जोर पकड़ रहा है। सामूहिक जनसम्पर्क में उम्मीदवार मतदाताओं से विस्तार से चर्चा नहीं कर पाते। इस स्थिति में उनके रिश्तेदार व टीम के सदस्य एक-एक मतदाता तक पहुंच रहे हैं। इसके लिए मोहल्लों में बैठकें हो रही है। क्षेत्र के प्रभावशाली लोग, समाज के प्रमुख व प्रबुद्धजन के पास दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवार पहुंच रहे हैं। इसके अलावा रात में कोर टीम के सदस्य उम्मीदवार व उनके परिजन की क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात करा रहे हैं। उम्मीदवारों की टीम के कुछ सदस्य चौराहों ... शेष पेज 4 पर

## रात के तापमान में गिरावट, चार दिन बाद सुबह से पहनने होंगे ऊनी कपड़े

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बीते दिनो से गुलाबी ठंड की शुरुआत के बाद अब रात के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। हालात यह है कि रात में पंखा, कूलर बंद करना पड़ रहे है। यही स्थिति रही तो चार दिन बाद नवंबर माह में चुनाव प्रचार करते नेताजी स्वेटर या ऊनी कपड़े पहनकर घर-घर देवरा धोकने पहुंचेंगे।

दरअसल ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, कोई सिस्टम एक्टिव नहीं होने से मौसम शुष्क है। आसमान साफ है। मौसम विभाग की मानें, तो आज शनिवार से रात के तापमान में और गिरावट आ सकती है। फिलहाल आने वाले तीन- चार दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। नवम्बर के पहले सप्ताह से तेज ठंड का दौर शुरू होने का अनुमान है।


मौसम विभाग के अनुसार पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में सक्रिय है। इसके साथ ही प्रदेश में भी एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इस कारण तापमान में बदलाव दिख रहा है। वहीं, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने तीव्रतम चक्रवाती तूफान का भी सम्भाग के मौसम पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। लेकिन, इन तूफानों के कारण नम हवाएं एकत्रित होकर प्रदेश की ओर लगातार उत्तरी हवा ला रही है। इससे तापमान में गिरावट हो रही है। अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की सम्भावना है। इस दौरान रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

शुक्रवार को दिन में गर्मी का असर इतना नहीं रहा। रात होते ही पारा हल्का नीचे गिर गया। ठंडी हवा में सिहरन महसूस की गई। दिन का तापमान 31.1 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 16.4 से हल्का गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## मारपीट के मामले में 4 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने 4 पर केस दर्ज किया। अनुपपुरा निवासी मदनलाल पिता हरलाल बंजारा ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बड़े भाई रायसिंह पिता हरलाल बंजारा के जमाई बालागंज मनासा निवासी विजय ने मेरे जमाई श्रवण व अनिल से शराब पीकर विवाद किया व गाली-गलौज की। मेरी पत्नी इन्द्राबाई बीच-बचाव करने गई तो उसके साथ भी लकड़ी से मारपीट की। विजय ने पिता बाबूलाल व उसके रिश्तेदार लक्ष्मण पिता नेना बंजारा, परसराम पिता नेना बंजारा निवासी रावतपुरा मनासा को बुला लिया व लकड़ी से मारपीट की। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।





## जिला अध्यक्ष बने गुप्ता, नियुक्ति पर प्रेस क्लब ने किया सम्मान

**सुवासरा, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों आंचलिक पत्रकार संघ म. प्र के . संभागीय सम्मेलन जावरा में आंचलिक पत्रकार संघ मध्य प्रदेश का संपन्न हुआ। जिसमें सुवासरा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता को मंदसौर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने पर सुवासरा प्रेस क्लब द्वारा विनोद गुप्ता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा की सुवासरा क्षेत्र की प्रेस का दबदबा पूरे जिले में हमेशा से कायम रहा है और इसी के चलते सुवासरा की प्रेस सक्रियता के चलते विनोद गुप्ता ने फिर नया मुकाम हासिल कर आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र टाक एवं सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक जायसवाल ,जुगल वेद, क्लब अध्यक्ष संजय फरक्या ,मनीष जैन ,सावन काला , डॉक्टर राजेश पोरवाल ,अंबारअली बोहरा , संजय डपकरा , दिनेश उदिया एचपी , सहित प्रेस क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे। विनोद गुप्ता ने कहा कि मैं पत्रकारों के हितों की बात के लिए मैं हमेशा संघर्षरत रहूंगा और पत्रकारों की एकता के लिए हमेशा काम करता रहूंगा गुप्ता ने प्रेस क्लब का आभार भी व्यक्त किया।

### मल्हारगढ़ में दोनों दल के एक-एक नेता के निर्दलीय नामांकन से मुकाबला...

# चतुष्कोणीय होने की बजाय एक तरफा होता दिख रहा

**कुचड़ोद, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में इस बार विधानसभा के चुनाव में काफी राजनीतिक उठा पटक एवं बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरने की ज्यादा जिद देखी जा रही। यही कारण है कि हर सीट से टिकट के दावेदार टिकट नहीं मिलने की स्थिति में, बागी होकर मैदान में उतर रहे। मल्हारगढ़ विधानसभा में भाजपा कांग्रेस प्रत्याशियों के अलावा दोनों दल से एक-एक बागी ने नामांकन दाखिल कर ताल ठोक दी। यहां भाजपा से जगदीश देवडा लगातार चौथी बार मैदान में है। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी परशुराम दूसरी बार मैदान में है। यहां पिछले तीन चुनाव में भाजपा 3 हजार, 6 हजार, 12 हजार, गुणित प्रक्रिया में बढ़त बनाए हुए चल रही। यहां कांग्रेस के दोनों प्रबल दावेदार हमेशा एक दूसरे को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। (जैसा चुनाव



के बाद आरोप भी लग रहे।)

इस बार कांग्रेस से श्यामलाल टिकट के लिए प्रबल दावेदार थे। पर अंतिम समय में पिछली बार के प्रत्याशी परशुराम टिकट लाने में फिर से कामयाब हो गए। तो श्यामलाल ने बगावती तेवर दिखा दिए। और कार्यकर्ताओं के बलबूते शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन दाखिल कर दिया। श्याम लाल के नामांकन दाखिल होने के बाद इमोशनल होते हुए, कांग्रेस प्रत्याशी फूट-फूट कर रोने लगे। नामांकन दाखिल से अब तक परशुराम के चेहरे पर श्याम लाल की बगावत साफ झलक रही। इधर नामांकन दाखिल के समय मीडिया से बात करते हुए, जिला प्रभारी ने श्याम लाल को वोट देने की अपील कर दी। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वाइरल हुई। इधर भाजपा में भी जिला पंचायत सदस्य बसंतीलाल मालवीय जगदीश देवडा को बाहरी बताकर टिकट के लिए दौड़ लगा रहे थे। पर अंतिम समय में भाजपा ने प्रदेश के नंबर दो के दिग्गज नेता, वित्त मंत्री जगदीश देवडा को मैदान में उतारने का फैसला किया। तो बसंती लाल मालवीय ने भी बागी तेवर दिखाते हुए नामांकन दाखिल कर दिया।

मुकाबला चतुष्कोणीय होने की जगह एक तरफा होता दिख रहा- पहले कयास लगाए जा रहे थे, कि इस बार मल्हारगढ़ में जगदीश देवडा एवं श्यामलाल को टिकट मिलता है, तो मुकाबला कडा होगा। यह बात कहीं ना कहीं भाजपा कार्यकर्ता भी मान रहे थे। पर जैसे ही कांग्रेस पार्टी से परशुराम का टिकट पक्का हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह छा गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता भी दबी जुबान हार मान रहे। वहीं परशुराम की चिंता उस वक्त और ज्यादा बढ़ गई जब श्यामलाल ने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल कर दिया। इधर भाजपा के भी बागी जिला पंचायत सदस्य बसंतीलाल मालवीय ने नामांकन दाखिल कर दिया। इन्होंने जिला पंचायत चुनाव भी बागी होकर लड़ा और जिते, तो इनका उत्साह भी सातवें आसमान पर है। यही कारण है कि विधानसभा में चतुष्कोणीय मुकाबला होता दिख रहा था। पर जैसे-जैसे समय बिता जा रहा नए-नए समीकरण के साथ अनुभवी कार्यकर्ता मतदाता भी अब गुणा भाग लगने लगे। चर्चा यह चल रही है कि कांग्रेस ने जिसे उम्मीदवार घोषित किया। उससे ज्यादा भारी तो बागी श्यामलाल पढ़ रहा। वही भाजपा के बागी बसंती लाल, देवडा के मुकाबले काफी कमजोर दिखाई दे रहे। इस कारण मुकाबला एक तरफा भाजपा के पक्ष में होता दिख रहा। वही भाजपा के बागी भाजपा वोटों में कितनी सेंध लगा सकते है। यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। भाजपा अंतिम समय में बागियों को एक कर लेती है। वहीं कांग्रेस के बागी अंतिम समय तक बागी ही रहते है। इसी कारण भाजपा को बढ़त मिलती रही। इसी प्रकार कांग्रेस में बागियों को मनाने के तरीके में भाजपा जीत रही। भाजपा के कार्यकर्ता एवं नेता कांग्रेस के मुकाबले हमेशा पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठ रहते हैं। बागियों को हमेशा अंतिम समय में भाजपा अपनी तरफ कर लेती है। वहीं कांग्रेस अंतिम समय तक भी बागियों को अपने वश में नहीं कर पाती। बल्कि अंतिम समय में स्थिति ओर बिगड़ जाती है। नतीजा भाजपा हमेशा बढ़त बना लेती है। इसलिए इस बार भी मुकाबला चतुष्कोणिय होने की जगह बराबरी का भी नहीं दिख रहा। हालांकि नामांकन वापस करने की तारीख तक कौन मैदान में रहता है। और कौन मैदान छोड़कर भागता है। यह वक्त ही बताएगा।

## बाइक सवार पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बाइक से टक्कर मारकर घायल करने वाले पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर जा रहे पिपलिया जोधा निवासी करणसिंह व लालसिंह डांगी को बाइक (एमपी 44 एमई 1995) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों घायल हो गए थे, पुलिस ने विवेचना के बाइक बादक सवार पर केस दर्ज किया।

## मतदान तिथि 17 को सामान्य अवकाश घोषित

**नीमच, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मतदान तिथि शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अधिसूचना सामान्य प्रशासन के द्वारा जारी की गई है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 17 नवम्बर 2023 के सामान्य अवकाश की जारी अधिसूचना का अक्षरशः पालन कराया जाना सुनिश्चित कराने के दिशा निर्देश सभी विधानसभाओं सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को दिये है।

# महाराजा अजमीढ़ देव जयंती समारोह कल मनाया जाएगा

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज मंदसौर द्वारा 29 अक्टूबर, रविवार को स्वर्णकार समाज के संस्थापक महाराजा अजमीढ देव जयंती समारोह माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड़ मंदसौर पर धूमधाम से मनाया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी (अफजलपुर वाला), स्वर्णकार कला बोर्ड सदस्य राज्यमंत्री दर्जा व समाज जिलाध्यक्ष अजय सोनी (कॉलोनाइजर), शहर पंचायत अध्यक्ष



अर्जुन डाबर, जनकूपुरा नम अध्यक्ष विजय सोनी, ट्रस्ट अध्यक्ष मोहनलाल सोनी, पितृकोष ट्रस्ट अध्यक्ष नागेश्वर सोनी (नीलम मसाला), महिला मण्डल अध्यक्षा मधु मनोहर सोनी, नगर अध्यक्षा हंसा सोनी, शहर पंचायत अध्यक्षा बबीता सोनी, जनकूपुरा पंचायत अध्यक्षा टून्ना सोनी, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष गौरव सोनी, ने बताया कि हर वर्ष स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा अजमीढ देव जयंती धूमधाम से मनाई जाती हैं। आराध्यदेव प्रातः स्मरणीय महाराजाधिराज अजमीढ देवजी महाराज की जयंती को लेकर समाजजनो में काफी उत्साह है। 29 अक्टूबर को दोप. 12.15 बजे लालबाई फूलबाई मंदिर किला रोड से एक भव्य चल समारोह निकलेगा जो सराफा बाजार, सदर बाजार, कालिदास मार्ग, होटल नीलम रोड़ कालाखेत होते हुए नयापुरा रोड़ से माहेश्वरी धर्मशाला पहुंचेगा। चल समारोह में समाज के पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं पीली साड़ी में रहेगी। सायं 5.30 बजे भजन संध्या व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। तत्पश्चात् समाजजनों हेतु स्नेह भोज का आयोजन होगा। श्री मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, मंदसौर, श्री मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नवयुवक मण्डल मंदसौर, श्री मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मण्डल ने समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं, मातृशक्ति से निवेदन है कि महाराजा अजमीढ देव जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

## सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण कल

**नीमच, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 के अन्तर्गत अधिसूचित दिव्यांग एंव वरिष्ठ नागरिकों को घर-घर जाकर मतदान सम्पन्न, करवाया जाना है। घर-घर जाकर मतदान के लिए विधान सभावार, रूटवार सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण 29 अक्टूबर 2023 को टाउन हॉल नीमच में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। सभी संबंधित सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# वाल्मीकि जयंती पर आज निकलेगा चल समारोह एवं कलश यात्रा



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सकल वाल्मीकि समाज के तत्वाधान में आज 28 अक्टूबर, शनिवार को वाल्मीकि जयंती का भव्य रूप से मनाई जाएगी। जिसके तहत समाज द्वारा विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।

सकल वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष श्री राजाराम तंवर ने बताया कि वाल्मीकि जयंती पर आज शनिवार को दोप. 3 बजे गांधी चौराहा से एक भव्य चल समारोह एवं कलश यात्रा निकलेगी जिसमें 501 से अधिक मातृशक्ति कलश लेकर चलेगी। साथ ही ढोल, बैंड, बग्गी के साथ बड़ी संख्या में समाजजन इस चल समारोह में शामिल होंगे। यह चल समारोह गांधी चौराहा से प्रारंभ होगा जहां से पुराना बस स्टैंड, घण्टाघर, कालाखेत, पुराना बस स्टैंड होते हुए पुनः गांधी चौराहा पहुंचेगा जहां पर भव्य मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें समाज के प्रतिभावान युवाओं व समाज के वरिष्ठों का सम्मान किया जाएगा। तत्पश्चात् भार्गव मांगलिक भवन समाजजनों का सहभोज आयोजित होगा। सकल वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष श्री राजाराम तंवर, समाज के चौधरी नरेश परमार और पटेल मुकेश चनाल ने सभी समाजजनों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस चल समारोह एवं कार्यक्रम को सफल बनावे। उपरोक्त जानकारी उपाध्यक्ष अजय भाटी ने दी।



## कलेक्टर एवं एसपी ने सुवासरा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने संयुक्त रूप से सुवासरा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जाए। अब तक की गई जांच एवं कार्यवाही के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। जांच के दौरान वीडियोग्राफी भी की जाए। चेक पोस्ट पर कार्यवाही लगातार चलनी चाहिए। कार्य में लापरवाही न करें।



## मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकली

**नगरी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय हाई स्कूल हतुनिया के विद्यार्थियों द्वारा गांव में मतदाताओ को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 120 छात्र -छात्राओं ने नारे और स्लोगन के साथ साइकिल रैली निकालकर संदेश दिया कि वोट देना अधिकार है हम शत प्रतिशत मतदान करे। साथ ही हतुनिया बस स्टैंड पर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के सदस्यो द्वारा नुक्कड़ नाटक भी भी किया गया जिसमें किसानों, व्यापारियों ,कृषि क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं और नए मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राएं क्लब प्रभारी ईश्वरलाल धाकड़ एवं सभी शिक्षक गण ,ग्रामीण जन उपस्थित थे। संचालन छात्र निलेश मालवीय ने किया।

## अभ्यर्थियों को अपराधिक रिकार्ड प्रकाशित करने होंगे

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नामांकन फार्म दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों को अपने आपराधिक रिकॉर्ड को उजागर करने होंगे। इसके लिए उन्हें 3 समाचार पत्रों एवं 3 टीवी चैनलों में अपने अपराधिक रिकार्ड को प्रकाशित एवं प्रसारित करवाना होगा। यह प्रकाशन 3 नवंबर से 15 नवंबर तक प्रकाशित करने होंगे। अगर किसी समाचार में पैड न्यूज़ पाई जाती है। तो 96 घंटे के भीतर उम्मीदवार को नोटिस आरओ द्वारा जारी किया जाएगा। नोटिस जारी करने के पश्चात उम्मीदवार को 48 घंटे के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करना होगा। पैड न्यूज मामले के निर्णय प्रेस काउंसिल आफ इंडिया एवं नेशनल ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड अथॉरिटी द्वारा किए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को प्रमाणन की आवश्यकता होगी। वहीं प्रिंट मीडिया को चुनाव के 48 घंटे पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी। उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करते समय अपनी सोशल मीडिया अकाउंटस के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी। विज्ञापनों पर प्रकाशक मुद्रक का नाम होना अनिवार्य है। प्रकाशक मुद्रक का नाम न होने पर आरपी एक्ट 1951 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बिना प्रमाणीकरण के विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने पर केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम 1995 की धारा 12 के तहत उपकरण जप्त किए जा सकते हैं। प्रिंट मीडिया अभ्यर्थी की अनुमति के बगैर विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकता। भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एच के अनुसार चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति की अनुमति के बिना विज्ञापनों पर किया जाने वाला में व्यय निषेध माना गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को मतदान के आखरी 48 घंटे की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार नहीं करना है। आरपी अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत यह एक कानूनी अपराध है।

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि विज्ञान केन्द्र, मंदसौर की रबी 2023-24 की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 27 अक्टूबर 2023, शुक्रवार को हाईब्रीड मोड़ में आयोजित की गई। डॉ. आर.एस. चुण्डावत, प्रतिनिधि अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय, मन्दसौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डॉ. जी. एस. चुण्डावत, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर ने प्रगति प्रतिवेदन खरीफ-2023 एवंरबी 2023-24 की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की साथ ही फसल परीक्षणों एवं प्रदर्शनों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। इस बैठक में अधिष्ठाता महोदय ने अपने अध्यक्षीय उदबोद्वन में प्राकृतिक एवं जैविक खेती में कम अवधि वाली फसलों का चयन, फसल विविधिकरण में औषधीय एवं सगंधित वाली फसलों का समावेश कर पानी एवं उर्वरक की बचत, सल्फर पोषक तत्व के बारे में जागरूक करना एवं मोटे अनाज (श्रीअन्न) वाली फसलों के क्षेत्र विस्तार आदि पर महत्वपूर्ण सुझाव दिया।

इस कार्यक्रम में निदेशक विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर के डॉ. वाय.पी. सिंह ने कहा कि केवीके कम स्टॉफ में भी कृषि क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा दिये गये सुझावों का पालन करने हेतु आदेशित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के क्षेत्रिय कार्यालय, जोन-9, जबलपुर के निदेशक के प्रतिनिधि के रूप में वैज्ञानिक डॉ. हरीश एमएन ने टीकाऊ पोषण वाटिका स्थापित करने हेतु सुझाव दिया। डॉ. ए.एस. राठौर, उप संचालक कृषि विभाग, मन्दसौर ने सुझाव दिया कि किसानों एवं कृषक महिला की आय वृद्धि हेतु खाद्य प्रसंस्करण पर विभिन्न विधाओं में कार्य किया जाए। उक्त बैठक डॉ. सी.पी. पचौरी, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, के.वी.के.,नीमच, डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, के.वी.के.,रतलाम, श्री एस.के. महाजन, क्षेत्रिय प्रबंधक, इफ्को, श्री पी.सी. चैहान, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, श्री रामेश्वर पाटीदार, सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, श्री वीरसिंह जाटव, प्रक्षेत्र प्रबंधक, राष्ट्रीय बीज निगम, इन्दौर, किसान उत्पादक संगठनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह शक्तावत, श्री अरविन्द पाटीदार एवं जिले के उत्कृष्ट कृषक श्री वल्लभ पाटीदार, श्रीमती पुष्पा वर्मा, ऊंकारलाल धाकड़ उपस्थित होकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. एस.पी. त्रिपाठी ने माना।

## दिव्यांगजनों में मतदान के प्रति उत्साह

**नीमच, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर श्री दिनेश जैन व एडीएम सुश्री नेहा मीना के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के निर्देशानुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच द्वारा ग्राम पंचायत भाटखेड़ा में दिव्यांग, वृद्धजन मतदाताओ के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदान के लिए दिव्यांगजनों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वृद्धजन भी बढ़-चढ कर मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित हुए और सभी ने मतदान करने के लिए शपथ भी ली। जागरूकता अभियान के दौरान जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच के प्रशासनिक अधिकारी अभिलाषा वर्मा, क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट भूरालाल अहीर एवं ई-दिव्यांग मित्र व ग्राम पंचायत के सचिव,सहायक सचिव व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने दिव्यांग व वृद्धजनो को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

## मतदान केंद्र पर पहचान के लिए 12 दस्तावेज प्रयोग कर सकते हैं

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान के लिए 12 दस्तावेजों निर्धारित किये गए है। इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इन दस्तावेजों के अंतर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, सर्विस पहचान पत्र, पासबुक, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज व सरकारी पहचान पत्र को शामिल किए गए हैं। इनमें से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर आपको अपने मत का प्रयोग करने से कोई भी नहीं रोक सकता है, तो आओ हम सब मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र को बनाने के लिए सभी मतदान करें।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, आमजन व्यय प्रेक्षकों से कर सकते हैं संपर्क

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मंदसौर एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक श्री गोपाल कृष्णपति (आईआरएस) निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए हैं। इनके मोबाइल नंबर 8989773500 है। सुवासरा एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक श्री इम्तियाज खान (आईआरएस) को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया गया है। इनके मोबाइल नंबर 8989536500 हैं। दोनों प्रेक्षक के मोबाइल नंबर प्रदान किया गया है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, आम जन इन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



### शरद पूर्णिमा विशेष-

बरसेगा अमृत चंदा से
शरद पूनम की रात
चकोर चन्दा को
क्यू देखता है
जमाना आज भी
यही पूछता है
कुछ न कुछ है
चन्दा के पास
चकोर को है
मिलने की आस
ताकने की तपस्या
से मिलेगी सौगात
बरसेगा अमृत चंदा से
शरद पूनम की रात



**नन्दकिशोर राठौर, मंदसौर**



# संयुक्त कलेक्टर शाह ने जीरन के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नीमच, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह ने शुक्रवार को नगर परिषद जीरन में स्थित सभी मतदान केंद्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। श्री शाह ने सभी मतदान केंद्रों पर पानी, प्रकाश एवं सुविधा घर की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई। उन्होने सीएमओ को मतदान दिवस पर मतदान के लिए पहुंचने वाले मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए भी बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ जीरन एवं न.प.जीरन के कर्मचारी उपस्थित थे।

# विश्व शांति के लिए सर्वधर्म समभाव एवं सद्भाव शांति-करुणा पदयात्रा निकली

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्क चैरिटैबल ट्रस्ट के आव्हान पर नगर के विभिन्न सेवा भावी संगठनों ने मिलकर विश्व शांति के लिए - सर्व धर्म समभाव एवं सद्भाव शांति-करुणा पदयात्रा निकाली गई। सम्पूर्ण विश्व में पिछले कई वर्षो से लगातार युद्ध की मार झेल रहा है, सीरिया-अरब, यूक्रेन-रूस और वर्तमान में इजराइल और फिलिस्तीन एक दिन में हजारों निर्दोष लोगो की जाने जा रही है जिससे मानवता बर्बाद हो रही है बल्कि आम लोगों में मानव सवेंदना और करूणा तक ख़त्म होती जा रही।



महात्मा गांधी के विचार सर्व धर्म समभाव, शांति और अहिंसा को अपना कर सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। कोई भी धर्म हिंसा को किसी भी रूप में समर्थन नहीं करता। युद्ध चाहे राजनीतिक हो या धार्मिक हो निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए युद्ध बंद होने चाहिए। यह युद्ध का युग नहीं है। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है 'शांतिपूर्ण वार्ता ही एकमात्र रास्ता है' हमारा उद्देश्य नफरत और भेदभाव के बिना सीमा मुक्त एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना है, जहां मानवता एक होकर पनप सके। हम संयुक्त राष्ट्र, भारत सरकार और अन्य अंतरराष्ट्रीय शक्तियों से विश्व में शांति और मानवता बचाने के लिए हर प्रकार के युद्ध और शत्रुता को रोकने की अपील करते हैं यह संदेश दुनिया को देने हेतु दिनांक 27 अक्तूबर 2023 शुक्रवार प्रातः 9 बजे गांधी चौराहा, मन्दसौर से ध्वज तिरंगा के तले शांति, मानवता, भाईचारा, सद्भाव, के सन्देश देने वाले पोस्टर हाथों में लिए एक गैर राजनीतिक मौन शांति-करुणा पदयात्रा का आयोजन किया गया जो कि गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर हॉस्पिटल रोड, महाराणा प्रताप चौराहा, नयापुरा रोड, शुक्ला चौक होकर भारत माता चौराहा पर संपन्न हुई। जिसमें मंदसौर के विभिन्न सेवा भावी सामाजिक संगठन गायत्री परिवार, ब्रम्हाकुमारी संस्थान, निडर युवा सेवा संस्था, नन्द सेवा संकल्प समिति, दशपुर जागृति मंच, पंछी बचाओ अभियान, आई आई ई सी वेलफेयर सोसायटी, विकास हेल्प लाइन, और शहर काज़ी असिफुल्लाह, डा. देवेंद्र पुराणिक, अजीजुल्लाह खान, राजाराम तंवर और नगर गणमान्य नागरिक शामिल रहे। वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट, के मुजफ्फर मंसूरी ने उपरोक्त बात का विश्व शांति पर संदेश देते हुए पदयात्रा शामिल सभी लोगों और प्रशासन का आभार प्रकट किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 500 | 1891 | 2100 |
| उडद | 107 | 4452 | 9941 |
| सोयाबीन | 4200 | 4620 | 5100 |
| गैहु | 3500 | 2600 | 3265 |
| चना | 211 | 5151 | 6001 |
| मसुर | 135 | 5050 | 6061 |
| धनिया | 325 | 5500 | 7000 |
| लहसुन | 12000 | 6000 | 17000 |
| मैथी | 789 | 5000 | 7000 |
| अलसी | 1684 | 4650 | 5160 |
| सरसो | 350 | 4271 | 5396 |
| तारामीरा | 4 | 3201 | 4740 |
| इसबगोल | 51 | 13000 | 20501 |
| प्याज | 5100 | 2000 | 5100 |
| कलोंजी | 45 | 13500 | 16250 |
| डॉलर | 31 | 9050 | 14350 |
| तिल्ली | 4 | 15700 | 15900 |
| मटरसुखी | 11 | 2400 | 2800 |
| असालीया | 7 | 9300 | 11131 |

## सिसोदिया आज विभिन्न गांवों में करेंगे जनसंपर्क



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी यशपाल सिंह सिसोदिया आज 28 अक्टूबर शनिवार को विभिन्न गांव का दौरा करेंगे। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी और वरिष्ठकार्यकर्ता भी साथ रहेंगे।

श्री सिसोदिया गुडभेली प्रात: 8:00 बजे, गागाखेडी 8.30 बजे, धारियाखेडी 9 बजे, रलायता 9.30 बजे, मुल्तानपुरा 10 बजे, भुनियाखेडी 10.30 बजे, लालघाटी 11 बजे, सिंदपन 11.30 बजे, गुराडिया देदा 12 बजे, अलावदखेडी 1.30 बजे, चिकल्या 2 बजे, बोहराखेडी 2.30 बजे, ढिकोला 3 बजे, भूखी 3.30 बजे, जग्गाखेडी मन्दसौर 4 बजे, बोरखेडा 4.30 बजे, रूपावली 5 बजे और सबाखेडा 5.30 बजे पहुंचेंगे और जनता से जनसंपर्क करेंगे।

## जैन का दौरा कार्यक्रम



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार श्री विपिन जैन 28 अक्टूबर 2023 शनिवार को दलोदा ग्रामीण ब्लॉक के विभिन्न गांव में आम जनता के बीच जाकर जनसंपर्क कर आशीर्वाद लेंगे। श्री विपिन जैन गांव धधोडा प्रात: 8 बजे, पालसोडा प्रात: 9:15 बजे, रुनिजा प्रात: 9:45 बजे, खेरोदा प्रात: 11 बजे, बालोदिया प्रात: 11:45 बजे, खाखरी खेडा दोपहर 12:15 बजे, मजेसरी दोपहर 3 बजे, मजेसरी नई आबादी दोपहर 3:30 बजे, मजेसरा शाम 4 बजे, ताजखेडी शाम 4:30 बजे, गरोडा शाम 5 बजे, सगवाली शाम 5:30 बजे, भंडारिया शाम 6 बजे, भावगढ़ शाम 7 बजे, नांदवेल रात्रि 8 बजे पहुंच कर ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर जनसंपर्क करेंगे। आपके साथ दलोदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंती लाल सोलंकी, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष मनीष चौहान व कांग्रेस के वरिष्ठजन साथ रहेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने दी।



**मंडी में बढ़ी प्याज की आवक-** नवरात्रि के समापन के साथ ही मंदसौर की कृषि उपज मंडी में प्याज की बंपर आवक शुरु हो गई है। राजस्थान के किसान प्याज लेकर आ रहे है। इन दिनो प्याज के दाम भी बढ़े है।

# मतदान केंद्रों पर मॉक पोल समय पर हो-कलेक्टर

## मतदान दल अधिकारी एवं कर्मचारियों को बताये गये नवीन अनुदेश




**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की व्यापक तैयारियां के चलते जिले में निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं और मतदान के सुचारू रूप से संचालन एवं कुशल व्यवस्थाओं के लिये जिले के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों जिसके अंतर्गत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1, क्रमांक-2 एवं क्रमांक-3 के प्रशिक्षणार्थियों के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय के कुशाभाउ ठाकरे आटिडोरियम में जिले के मास्टर ट्रेनर्स डॉ. जे.के. जैन एवं अन्य सहायक मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो कि प्रतिदिन दो चरणों में सपन्न कराया जा रहा है।

प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल समय पर हो इसक विशेष ध्यान रखें। सभी पीठासीन एवं पी1 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें तथा मतदान दिवस को सेक्टर अधिकारी के साथ समन्वय बनाए रखें किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं एवं अपना आत्मविश्वासतथा बनाये रखें। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण में संपूर्ण मतदान प्रक्रिया, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के दायित्व सामग्री, विभिन्न प्रपत्र तैयार करना, Mack Poll एवं डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया व अनुपस्थित मतदाता ( AVSC, AVPD, AVES) के मतदान की प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के नवीन अनुदेश के बारे में विस्?तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान हेतु विधानसभावार पोस्टल बेलेट के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल पर की गई है।

इस बार जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षणार्थियों हेतु एक आदर्श मतदान केन्द्र भी स्थापित किया गया है, जिससे मतदान कर्मियों को उन्हें आवंटित बूथों को आदर्श बूथ बनाने हेतु प्रेरित किया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस हेतु विधानसभावार प्राप्त फार्म 12 D बीएलओ अधिकारी के माध्यम से प्राप्त किये जाकर सूची तैयार की जा रही है। साथ ही मतदान दल में शामिल मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा द्वारा बनाये गये सुविधा केन्द्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। अत्यावश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाता के लिये भी सुविधा केन्द्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही हैं। प्रशिक्षण में मतदान दल कर्मियों को आयोग द्वारा जारी नवीन अनुदेश के साथ उनके अधिकार, कर्तव्यों, नियम-निर्देशों और कानून के संबंध में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण मतदानदल अधिकारियों/कर्मचारियो को ईव्हीएम द्वारा मतदान की कार्यप्रणाली, मतदान दलों द्वारा ईव्हीएम को मतदान के लिए तैयार करने, ईव्हीएम में त्रुटि उत्पन्न होने पर उसका निराकरण, ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली, मॉकपोल की प्रक्रिया तथा मॉकपोल के दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियां, मतदान के दौरान सावधानी एवं आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट को सिलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान के अंतिम समय में, अंतिम मतदाता का निर्धारण किस प्रकार किया जाएगा, मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में प्रश्न पूछे गए तथा इन प्रक्रियाओं को करते समय आने वाली समस्याओं का निराकरण किस प्रकार किया जाना है के संबंध में अवगत करवाया।

# चार बालिकाएं राष्ट्रीय खेलों के लिए मप्र टीम में

## मडगांव गोवा में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होगी राष्ट्रीय गेम रोलबॉल प्रतियोगिता



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मडगांव गोवा के स्वर्गीय श्री मनोहर पर्णिकर इंडोर स्टेडियम में 30 से 2 नवंबर तक आयोजित होने वाली नेशनल गेम्स प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम सहभागिता करेगी इस प्रतियोगिता में मंदसौर नगर की चार बालिकाएं जिसमें अनन्या विकास आचार्य, लाभांशी ठाकुरदास हैजू पलक अमर जैन देशना अमित जैन शामिल है राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता खेल विभाग द्वारा आयोजित होने वाली देश की बडी प्रतियोगिता है जिसमें प्रथम बार रोल बॉल खेल को शामिल किया गया है इस हेतु जम्मू कश्मीर में आयोजित सीनियर नेशनल में बालिका टीम द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने पर यह टीम नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर सकी है।

अधिक जानकारी देते हुए रोल बॉल संघ के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया अनन्या विकास आचार्य इससे पूर्व 2017 में आयोजित रोल बॉल वर्ल्ड कप के कैंप में चयनित हो चुकी है व स्कूल शिक्षा विभाग व फेडरेशन की कई प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है इसी प्रकार लाभांशी ठाकुरदास हैजू है जो स्कूल नेशनल फेडरेशन वेस्ट जोन प्रतियोगिताओं में 14 वर्ष आयु वर्ग से निरंतर खेल रही है पलक अमर जैन जयपुर रायगढ व औरंगाबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है इसी प्रकार देशना अमित जैन औरंगाबाद व इंदौर में आयोजित नेशनल्स में मध्य प्रदेश टीम का हिस्सा रही है यह सभी खिलाड़ी काफी छोटी आयु वर्ग से निरंतर रूप से स्केटिंग व रोल बॉल का नियमित अभ्यास करती रही है। रोल बॉल संघ व मंदसौर खेल के लिए काफी हर्ष का विषय है प्रथम बार राष्ट्रीय खेलों में किसी टीम में एक ही जिले के चार खिलाडी एक साथ चयनित हुए हैं इन सभी खिलाड़ियों का चयन भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश टीम चयन कैंप में प्रदर्शन के आधार पर हुआ है जिसमें प्रशिक्षक के रूप में सचिन काले के मार्गदर्शन में चयनित हुई है वर्तमान में यह सभी खिलाड़ी इंदौर में आयोजित हो रहे 10 दिवसीय मध्य प्रदेश टीम के प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता कर रही है जहां से टीम के साथ नेशनल के लिए प्रस्थान करेंगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला रोल बाल संघ के अध्यक्ष विकास आचार्य कपिल भंडारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा लीड कॉलेज खेल प्रशिक्षक राजू कुमार, अनिल चौधरी, का विकास भंडारी एनसीसी अधिकारी विजेंद्र पुरावत सीनियर खिलाडी जलज सिसोदिया दिव्यांशु परमार यश रोडवाल पलाश गर्ग खेल प्रशिक्षक अविनाश उपाध्याय त्रिभुवन कवीश्वर कुलदीप सिंह चौहान रवि कोपरगांवकर प्रवीण भंडारी प्रीति जैन दर्पण उतवाल देवेंद्र बैरागी आदि ने बधाई दी व नेशनल गेम्स में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# उड़ीसा से अपहृत नाबालिग दलौदा से मिली

## दलौदा पुलिस ने उड़ीसा पुलिस को सौंपा

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस लगातार नाबालिगों की तलाश में जुटी हुई है। इसमें अधिकांश मामलों में पुलिस को सफलता भी मिल चुकी है। लंबे समय से अपहृत नाबालिगों को भी ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इसी क्रम में एक और बड़ी सफलता दलौदा थाना पुलिस को मिली है। जिसमें थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव परिहार की टीम ने उड़ीसा से अपहृत नाबलिग को दस्तयाब कर उड़ीसा पुलिस को सौंपा।

दलौदा थाना पुलिस ने बताया कि 18 अगस्त 2021 को फरियादी ने थाना दरिंगबाडी जिला कंधामल उड़ीसा पर रिपोर्ट किया था कि उसकी बहन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध केस पंजीबद्ध किया गया था। उक्त अपहरण के संबंध मे सूचना मंदसौर जिले को प्राप्त हुई। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने एक टीम नियुक्त की। अपहृत बालिका कि दस्तयाबी हेतु वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में निरन्तर प्रयास किया गया। इसके बाद नाबालिग को दस्तयाब कर उड़ीसा पुलिस के थाना दरिंगबाडी के उनि जितेंद्र कुमार व मआर जेके प्रधान के सुपुर्द किया गया।

# गांधी चौराहा से मिनी मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत गांधी चौराहा पर तहसीलदार द्वारा मिनी मैराथन दौड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मिनी मैराथन दौड़ गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, श्रीकोल्ड चौराहा से होते हुए पीजी कॉलेज ग्राउंड में रैली का समापन हुआ। रैली में प्रथम पांच विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। जिसमें युवा वर्ग बालक, महिला, बालिका एवं 35 वर्ष से अधिक पुरुषों में प्रथम 5 को पुरस्कार दिया गया। रैली में पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की बालिकाएं, नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं, अपना घर की बालिकायें, एनसीसी के बालक एवं 35 वर्ष से अधिक पुरुष द्वारा रैली में भाग लिया गया। रैली समापन के पश्चात स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

# अवैध शराब के साथ 12 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ 12 आरोपियों को पकड़ा। बूढ़ा चोकी पुलिस ने कार (आरजे 27 यूए 3114) में शराब तस्करी करते हुए 10 पेटी देशी शराब के साथ इरली निवासी कारुलाल पिता रोडमल चन्देल, लोडाखेड़ा निवासी राहुल पिता लक्ष्मण दायमा को, 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ टकरावद निवासी कुलदीप पिता विनोद गुर्जर को, नाहरगढ़ पुलिस ने 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ नाहरगढ़ निवासी राजेश पिता कन्हैयालाल सोनी को, 15 लीटर शराब के साथ कोटडीमाण्डा निवासी होकमलाल पिता भवंरलाल बागरी को, 48 क्वार्टर के साथ खात्याखेड़ी निवासी दिनेश पिता खेमराज कुम्हार को, 24 क्वार्टर के साथ खूटी निवासी अमरलाल पिता मांगीलाल बलाई को, नारायणगढ़ पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ कचनारा निवासी किशनसिंह पिता गोबरसिंह सौंधिया को, झारड़ा चोकी पुलिस ने 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ बण्ड पिपलिया निवासी चन्द्रभानसिंह पिता भगवानसिंह राजपूत को व 21 क्वार्टर के साथ गोपालपुरा निवासी सदा पिता तेजा बंजारा को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ पिपलिया सोलंकी निवासी घनश्याम पिता धनराज दमामी को, पिपलियामंडी पुलिस ने 12 लीटर शराब के साथ ढिकनिया निवासी नीतेश पिता गोपाल सोलंकी को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## आरोपी विक्रम को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्दुारा राज्य सुरक्षा अधिनियम- 1990 के तहत अनावेदक विक्रम पिता मांगुनाथ कालबेलिया निवासी नई आबादी खोर थाना जावद को सदाचार बनाये रखने के लिए 6 माह तक सप्ताकह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।



## कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चापाखेड़ी, बोरखेड़ी एवं घसोई में मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्र पर व्यवस्था दुरस्त होनी चाहिए। मतदाताओं को मतदान करने में कोई भी असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भयमुक्त होकर मतदान करें। पुलिस प्रशासन आपके साथ है। भ्रमण के समय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि अपने मत का उपयोग करें। आवारा तत्व जैसे लोगों की जानकारी बीट प्रभारी एवं पटवारी, तहसीलदार को दिये जाने की अपील की। संबंधितों के नाम गोपनीय रखें जायेंगे। ग्रामीणजन शिकायत दर्ज करा सकते है। उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 1950 और दूरभाष नम्बर 07422-235440, 235425 पर संपर्क कर सकते है।

## पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत मोटर चलाने के विवाद में मारपीट करने वाले पिता-पुत्र पर प्रकरण दर्ज किया। नाहरगढ़ थाने पर भील्याखेड़ी निवासी राकेश पिता जगदीश जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे मीटर कनेक्शन के तार से बड़े पापा राधेश्याम अवैध रुप से विद्युत मोटर चला रहे थे, मैंने तार हटा दिऐ तो राधाकिशन व उनके लड़के जसपाल ने मारपीट की। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने पिता-पुत्र पर प्रकरण दर्ज किया।



## चंदरसिंह ने दाखिल किया नामांकन

**गरोठ, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के प्रत्याशी अपना जनसंपर्क कर रहे हैं। गुरुवार को कांग्रेस के उम्मीदवार सुभाष कुमार सोजतिया ने रैली निकालकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया तो शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार चंदरसिंह सिसोदिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। रेली में बड़े नेता और वह नेता भी नजर आए जो टिकट की मांग कर रहे थे। रेली में भाजपा उम्मीदवार चंदरसिंह सिसोदिया के साथ विनीत राजेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनु प्रिया विनीत यादव, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, दिनेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष उमराव सिंह, राजेश सेठिया आदि शामिल थे। रैली मुख्य मार्ग में से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची जहां गरोठ रिटेनिंग अधिकारी रविंद्र परमार के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

## जिले में शुक्रवार को सात नाम निर्देशन पत्र हुए प्राप्त

**मंदसौर, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम अंतर्गत मंदसौर जिले में 30 अक्टूबर तक निर्देशन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। मंदसौर जिले में शुक्रवार को सात नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें मंदसौर विधानसभा-224 में श्री इस्माईलमेव पिता शकुर खां एवं डॉ. सुनीता पति कैलाश गर्ग, मल्हारगढ़ विधानसभा - 225 में श्री बंसतीलाल पिता शम्भुलाल, सुवासरा विधानसभा- 226 में श्री गोवर्धनलाल पिता हिरालाल एवं शम्भुलाल पिता कचरूलाल एवं गरोठ विधानसभा- 227 में श्री चंद्रसिंह सिसोदिया पिता नाथूसिंह सिसोदिया एवं जगदीश पिता शालगराम के द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 अक्?टूबर नियत की गई है। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तारीख 02 नवंबर नियत की गई है। 17 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 03 दिसंबर को होगी।

## कार ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बेखेड़ा निवासी शिवनारायण पिता नन्दा बलाई ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई गांव का परशराम पिता गुलाब बागरी बाइक से खेत गारियाखेड़ा जा रहा था। इसी दौरान कार (एमपी 43 जेडए 1205) ने टक्कर मार दी, जिससे परशराम बागरी घायल हो गया। ग्रामीणों ने परशराम को जिला अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## हवाला की आशंका में कारोबारी... पेज 1 से जारी

मोतीयानी रुपए का हिसाब नहीं दे सके। हवाला कारोबार की आशंका में रुपए जप्त कर कार्यवाही की गई है। इस मामले में आगे की कार्यवाही के लिए जीएसटी और आयकर विभाग की टीम को सूचना दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के दौरान रतलाम पुलिस और निर्वाचन की चेकिंग टीमों के द्वारा की गई अलग-अलग कार्यवाही में बड़ी मात्रा में केश और करोड़ो के सोना-चांदी के आभूषण जप्त किए गए हैं।

## चुनाव प्रचार का तरीका... पेज 1 से जारी

पर लोगों से अनजान बनकर चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान वे माहौल भांप रहे हैं। नाराजगी या विरोध सामने आने पर टीम के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंच कर लोगों से चर्चा करते हैं। नाराजगी दूर करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। व्यक्तिगत स्तर पर भी उम्मीदवार क्षेत्र के विकास के लिए वायदों की बौछार कर रहे हैं। चुनाव के तत्काल बाद ही नए काम शुरू करने का भी आश्वासन दिया जा रहा है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान के तहत रैली आयोजित, दिलाई शपथ



**नीमच, 27 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत खडावदा में मतदान केन्द्र क्रमांक 155 शा.प्रा. शाला भवन खडावदा पर महिला मतदाताओं की जागरूकता रैली, शपथ, नारे, मेहन्दी प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत रावतपुरा में दो पहीया वाहन रैली निकाली गई।

गांव के सभी मोहल्ले एवं चौराहे पर खडे होकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नारो से लोगो को प्रेरित किया गया। ग्राम खडावदा में पिछले चुनाव में मतदान केन्द्र क्रमांक 155 में मतदाता प्रतिशत 78.55 रहा हैं। ग्राम आमद में पिछले चुनाव में मतदान केन्द्र क्रमांक 161 में 73.71 प्रतिशत रहा। मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव द्वारा रैली का आयोजित की गई। ग्राम भदाना में पिछले चुनाव में मतदान केन्द्र क्रमांक 195 में 72.00 प्रतिशत एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 196 में 78.44 प्रतिशत रहा। मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव द्वारा रैली का आयोजित की गई और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम वासियो ने विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता सचिव, सहायक सचिव, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता आदि सभी को प्रतिदिन मतदाता जागरूकता गतिविधियां करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत आमद, खेतपालिया, भदाना, उचेड, अल्हेड आदि पंचायतो में इसी प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

**एजेंसी देना है**

**शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।

9425105927, 28 -07422-495831

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in